07-02-2024

DAILY MCQ'S

70th BPSC PRELIMS EXAM

किस प्रमुख भारतीय संगीतकार ने अपने नवीनतम एल्बम "दिस मोमेंट" के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम श्रेणी में ग्रैमी पुरस्कार जीता?

a ए.आर. रहमान और लता मंगेशकर

c शंकर महादेवन और जाकिर हुसैन

c हरिहरन और कविता कृष्णमूर्ति

c सोनू निगम और श्रेया घोषाल

Answer b

EXPLANATION

- ☑ हाल ही में अमेरिका के लॉस एंजिलिस में वर्ष 2024 के लिए 66वें ग्रैमी अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया|
- ☑ शंकर महादेवन और ज़ाकिर हुसैन के फ़्यूज़न बैंड शक्ति ने अपनी नवीनतम रिलीज़ "दिस मोमेंट" के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम का ग्रैमी पुरस्कार जीता।
- ☑ ध्यातव्य रहे, इस इस समारोह में पांच भारतीयों को ग्रैमी पुरस्कार दिया गया गया है जिनमें से शामिल हैं - प्रसिद्ध गायक शंकर महादेवन, तबला वादक ज़ाकिर हुसैन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन, बांसुरी वादक राकेश चौरसिया तथा तालवादक सेल्वा गणेश |

07-02-2024

DAILY MCQ'S

70th BPSC PRELIMS EXAM

झारखंड राज्य विधानसभा में विश्वास मत जीतने वाली गठबंधन सरकार का नेतृत्वकर्त्ता कौन है?

a हेमंत सोरेन

c इंद्रजीत महथा

c चंपई सोरेन

c रामदास सोरेन

Answer c

EXPLANATION

- हाल ही में झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया|
- चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन सरकार ने 5 फरवरी, 2024 को झारखंड राज्य विधानसभा में विश्वास मत में जीत हासिल की।
- विदित है कि हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद चंपई सोरेन ने 2 फरवरी, 2024 को ही 12वें मुख्यमंत्रीके रूप में पद की शपथ ली थी|

हाल ही में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) स्वीकार करने वाला पहला यूरोपीय देश कौन बना है?

a जर्मनी

b पुर्तगाल

c इटली

c फ्रांस

Answer d

EXPLANATION

- ☑ NPCI इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (NIPL) ने हाल ही में घोषणा की है कि यूपीआई उपयोगकर्ता अब पेरिस में एफिल टॉवर के लिए टिकट खरीद सकते हैं|
- ☑ फ्रांस, भारत से डिजिटल भुगतान स्वीकार करने वाला पहला यूरोपीय देश बन गया है | इसके लिए NIPL ने फ्रांस की लायरा (Lyra) ई-कॉमर्स से साझेदारी की है |
- ☑ विदित है कि नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) ने वर्ष 2016 में यूपीआई को लांच किया था |

विश्व आर्द्रभूमि दिवस कब मनाया जाता है ?

a 1 फरवरी

b 2 फरवरी

c 4 फरवरी

c 10 फरवरी

Answer b

EXPLANATION

- ☑ प्रत्येक वर्ष 2 फरवरी को विश्व आर्द्रभूमि दिवस मनाया जाता है | इस दिवस का उद्देश्य आर्द्रभूमियों के संरक्षण हेतु जनजागरूकता फैलाना है |
- ☑ गौरतलब है कि 2 फरवरी, 1971 को रामसर समझौते (Ramsar Convention) पर हस्ताक्षर किये गए थे । यह एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है, जो आर्द्रभूमियों (Wetlands) के संरक्षण और प्रबंधन से संबंधित है |
- ☑ विश्व आर्द्रभूमि दिवस-2024 का विषय 'आर्द्रभूमि एवं मानव कल्याण' है जो हमारे जीवन को बेहतर बनाने में आर्द्रभूमि की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है।
- ☑ विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2024 के अवसर पर मध्य प्रदेश के सिरपुर झील, इंदौर में एक राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया।

हाल ही में केंद्र सरकार ने 'लखपति दीदी योजना' के लक्ष्य को बढ़ाकर कितना कर दिया है?

a 3 करोड़

b 3.5 करोड़

c 4 करोड़

c 4.5 करोड़

Answer a

EXPLANATION

- ☑ अंतरिम बजट 2024-25 में केंद्र सरकार ने 'लखपति दीदी योजना' के लक्ष्य को बढ़ाकर 2 करोड़ से 3 करोड़ कर दिया गया है|
- ☑ गौरतलब है कि योजना का लक्ष्य एसएचजी का उपयोग करके गांवों में दो करोड़ महिला करोड़पति (" लखपति दीदी ") बनाना है।
- ☑ वित्त मंत्री की बजट भाषण के अनुसार इस योजना के तहत अब तक एक करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं|
- ☑ इस योजना के तहत महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।
- ☑ इस योजना के तहत महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा ताकि वे प्रतिवर्ष 1 लाख रुपए से अधिक कमा सकें।